D.P. ABHUSHAN LTD.

CIN No. L74999MP2017PLC043234

Date: July 04, 2020

To,
Listing Compliance Department
National Stock Exchange of India Limited
Exchange Plaza, C-1 Block-G,
Bandra Kurla Complex, Bandra,
Mumbai- 400 051, Maharashtra

Ref: D. P. Abhushan Limited (Security Code: DPABHUSHAN)

Subject: Intimation under Regulation 30 of SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015- Press Release

Respected Sir/Ma'am,
Please find enclosed herewith copy of the Press Release given in various English language and Hindi Language newspapers, relating to Proposal of Board of Directors for the Migration of Equity shares of the Company from SME Platform of NSE (NSE EMERGE) to Main Board of NSE in terms of Chapter IX of SEBI (ICDR) Regulations, 2018 subject to necessary approvals.

Kindly take the same on record and please oblige us.

Thanking You,
For, **D. P. Abhushan Limited**

VIKAS KATARIA Digitally signed by VIKAS KATARIA Date: 2020.07.04 18:04:09 +05'30'

____
Vikas Kataria
Managing Director
DIN 02855136

Place: Ratlam

Regd. Off.138, Chandani Chowk Ratlam (M.P.)-457 001, 07412-408900
Corporate Off. 19,Chandani Chowk Ratlam (M.P.)-457001,Ph.07412-490966,Fax.07412-247022
Web: www.dpjewellers.com, E-mail:accounts@dpjewellers.com

2 हजार 831 सर्वे टीम के साथ संपूर्ण जिले में शुरू हुआ किल कोरोना अभियान

पहले दिन 23 हजार तो दूसरे दिन 33 हजार 298 घरों का हुआ सर्वे

कलेक्टर ने एक बार फिर किल कोरोना अभियान के तहत दिया प्रशिक्षण

नगर प्रतिनिधि

इंदौर। संपूर्ण जिले में किल कोरोना अभियान पूर्ण ऊर्जा के साथ शुरू किया जा चुका है। 2 हजार 831 सर्वे दलों के साथ शहर के विभिन्न क्षेत्रों में सर्वे टीम घर-घर जाकर कोविड-19, मलेरिया तथा डेंगू से संबंधित सर्वेक्षण कर रही है। इस अभियान के अंतर्गत प्रथम दिवस अर्थात 1 जुलाई को 23 हजार 810 घरों का सर्वे किया गया और द्वितीय दिवस 2 जुलाई को 33 हजार 298 घरों का सर्वेक्षण किया गया। इस प्रकार 1 एवं 2 जुलाई 2020 को जनसंख्या के मान से 2 लाख 53 हजार 239 व्यक्तियों का सर्वेक्षण कार्य पूर्ण हो चुका है।

उल्लेखनीय है कि, मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के निर्देशानुसार संपूर्ण राज्य में 1 से 15 जुलाई 2020 तक किल कोरोना अभियान चलाया जा रहा है। इंदौर जिले में भी इस अभियान हेतु न केवल प्रशासन बल्कि जनप्रतिनिधि और जनता भी पूर्ण सहयोग के साथ कार्य कर रहे हैं। कलेक्टर श्री मनीष सिंह द्वारा इस अभियान की स्वयं निगरानी की जा रही है। उन्होंने आम नागरिकों से अपील की है कि, किल कोरोना अभियान में पूर्ण सहयोग देंगे। सर्वे के समन्वित प्रयासों से हम इस पर विजय पाने में कामयाब होंगे।

दूसरे दिन 20 संदिग्धों की हुई पहचान

जिला पंचायत सीईओ श्री रोहन सक्सेना ने बताया कि किल कोरोना अभियान के तहत किए जा रहे सर्वे के दौरान पहले दिन 107 और दूसरे दिन 20 संदिग्ध व्यक्तियों की पहचान की गई। इस प्रकार कुल 127 व्यक्तियों को आगामी चिकित्सकीय कार्यवाही के लिए अंकित किया गया है। उन्होंने बताया कि सर्वेक्षण के दौरान कोविड-19, डेंगू एवं मलेरिया के संदिग्धों की पहचान की जा रही है। प्रथम दो दिवस में डेंगू का कोई भी प्रकरण सामने नहीं आया जबकि मलेरिया के पांच प्रकरण सामने आए हैं। जिनका सर्वे टीम द्वारा मौके पर ही टेस्ट कर आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श एवं दवा उपलब्ध कराई गई।

उल्लेखनीय है कि, कोविड-19 के अंतर्गत दो केटेगरी शामिल है जिसमें आई.एल.आई. अर्थात इन्फ्लूएंजा लाइक इलनेस एवं एस.ए.आर.आई. अर्थात सीवियर एक्यूट रेस्पिरेटरी इन्फेक्शन शामिल है। सर्वेक्षण के दौरान एस.ए.आर.आई. के तीन जबकि आई.एल.आई. के 116 प्रकरण दर्ज किए गए। सर्वेक्षण का कार्य पूर्ण रूप से डिजिटल तकनीकी से किया जा रहा है। जिसमें सार्थक ऐप तथा इंदौर कोविड-19 ऐप पर सर्वेक्षण के आंकड़े फीड किये जा रहे हैं। आंकड़ों की दैनिक रूप से जिला एवं राज्य स्तर पर समीक्षा कर आगामी कार्यवाही सुनिश्चित की जा रही है।

रवींद्र नाट्यगृह में प्रशिक्षण सम्पन्न

[illegible]

एमजीएम कॉलेज लैब में अब रोजाना 2,000 टेस्ट किए जा सकेंगे

बायोसेफ्टी केबिनेट और वायरोलॉजी लैब मैनेजमेंट सॉफ्टवेयर का लोकार्पण

इंदौर। कोरोना के खिलाफ जारी जंग में इंदौर को और मजबूती मिली है। एमजीएम मेडिकल कॉलेज की वायरोलॉजी लैब को अपग्रेड किया गया है। फिलहाल यहां पर 6 बायोसेफ्टी केबिनेट सक्रिय है जिसे बढ़ाकर 10 किया जा रहा है।

ये सेफ्टी केबिनेट अंदर काम करने वाले वैज्ञानिकों के लिए एयर फिल्टर करते हैं और संक्रमित होने से बचाते हैं। इससे वायरोलॉजी लैब की सैंपल टेस्टिंग की क्षमता में निरंतर वृद्धि हुई है तथा साथ ही कोविड जांच के नतीजे भी तेजी से मिल पाएंगे। इस सॉफ्टवेयर से मानवीय गलतियों को कम करने में भी बहुत मदद मिलेगी। इन नए सेफ्टी केबिनेट को सांसद शंकर लालवानी ने सीएसआर फंड से दिलवाया है। सांसद लालवानी का कहना है कि हम लगातार इंदौर की टेस्टिंग क्षमता को बढ़ाने के लिए प्रयासरत हैं और कुछ कंपनियों ने अपने सीएसआर फंड से समाजहित में काम करने की रुचि दिखाई थी और हमने उनसे ये मशीनें मेडिकल कॉलेज को देने के लिए आग्रह किया था। सांसद ने कहा कि शुरुआत में मेडिकल कॉलेज में प्रतिदिन सिर्फ 40 टेस्ट हो सकते थे और आज इसकी क्षमता बढ़कर 2,000 से ज्यादा प्रतिदिन हो चुकी है। आने वाले समय में इसे बढ़ाकर 6,000 टेस्ट प्रतिदिन किया जाएगा। इन मशीनों और सॉफ्टवेयर का लोकार्पण सांसद शंकर लालवानी ने किया। इस मौके पर इंदौर के संभागायुक्त पवन शर्मा भी मौजूद थे। कार्यक्रम की शुरुआत में मेडिकल कॉलेज की डीन डॉ. ज्योति बिंदल ने सभी अतिथियों का स्वागत किया।

नगर निगम में गठित हुई यौन उत्पीड़न निवारण कमेटी

इंदौर। नगर निगम में पहली बार यौन उत्पीड़न निवारण कमेटी का गठन किया गया है। इस कमेटी में 5 सदस्यों को शामिल किया गया है। कमेटी की अध्यक्ष उपायुक्त लता अग्रवाल को बनाया गया है।

जानकारी के अनुसार निगमायुक्त प्रतिभा पाल ने जॉइनिंग के समय इस कमेटी के बारे में पूछा था, तब उन्हें बताया गया था कि इंदौर में इस प्रकार की कोई कमेटी कार्यरत नहीं है। इसके बाद इस कमेटी के गठन को लेकर काम प्रारंभ किया गया था। महिलाओं के यौन उत्पीड़न निवारण एवं निषेधन अधिनियम 2013 के तहत गठित इस कमेटी में सहायक आयुक्त आरती खेड़ेकर को सचिव बनाया गया है। समिति के अन्य सदस्यों में सहायक लेखापाल पल्लिका परमार, प्रभारी सफाई दरोगा निधि वीना पिंटो और मीडिया एनजीओ के [illegible] शामिल हैं।

नगरीय प्रशासन विभाग की वीसी 9 जुलाई को

इंदौर। नगरीय प्रशासन विभाग की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग 9 जुलाई को शाम 4 बजे से आयोजित की जाएगी। वीसी के संबंध में विभाग के अपर संचालक श्री पी.के. पांडेय ने समस्त परियोजना अधिकारी, समस्त नगर निगम आयुक्त तथा नगरीय निकायों के सीएमओ को पत्र जारी कर जानकारी दी है। वीसी में जल प्रदाय एवं सीवरेज, राजस्व एवं गैर राजस्व करों की वसूली, सीएम हेल्पलाइन, स्वच्छ भारत मिशन, प्रधानमंत्री आवास सहित अन्य बिंदुओं पर चर्चा की जाएगी।

एक नजर

जिले में अब तक 229.49 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज

इंदौर। कलेक्टोरेट की भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले में 01 जून से अब तक 229.49 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। इंदौर तहसील क्षेत्र में 270.00 मिलीमीटर, महू क्षेत्र में 240.15 मिलीमीटर, सांवेर क्षेत्र में 205.00 मिलीमीटर, देपालपुर क्षेत्र में 279.00 मिलीमीटर और हातोद क्षेत्र में 230.50 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। अभी तक जिले में 24.10 [illegible] वर्षा हो चुकी है।

जीएसटीआर-3 बी रिटर्न के लिये अधिकतम पांच सौ रुपए होगा विलंब शुल्क

[illegible]

प्रशासन के सख्त निर्देश फिर भी लग रही दुकानों पर भारी भीड़

ना डिस्टेंस का पालन ना मास्क आदि का उपयोग

इंदौर। कोरोना का कहर शुरू होते ही बाजारों को तीन माह के लिए बंद कर दिया गया था लेकिन फिर से शहर को मुख्यधारा में लाने का प्रयास किया जा रहा है। जिला प्रशासन ने अपनी शर्तों के अनुसार धीरे-धीरे बाजारों को खोलने की परमिशन दी है लेकिन लगातार बाजारों में इन शर्तों का उल्लंघन होने की शिकायतें मिल रही है। कई दुकानों पर मास्क व सेनिटाइजर के नियमों का पालन नहीं किया जा रहा है। शहर के कई बाजारों में ऑड-ईवन का पालन नहीं हो रहा है और एक साथ कई दुकानें खुल रही हैं। मध्य क्षेत्र के साथ-साथ कई अन्य बाजारों की भी हालत ऐसी ही है। यहीं एसडीएम और निगम द्वारा सख्ती करते हुए स्पॉट फाइन अभियान शुरू किया जा रहा है।

शुरूआती दौर में निगम की कई टीमें सोशल डिस्टेंसिंग का उल्लंघन करने से लेकर मास्क नहीं लगाने वालों और अन्य नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्यवाही में जुटी थी। कलेक्टर मनीषसिंह ने स्पॉट फाइन को लेकर नए निर्देश जारी किए तो अब निगम का अमला आज से फिर हरकत में आया। निगम अधिकारियों के मुताबिक मुंह पर मास्क नहीं लगाने और मास्क हटाने पर भी 100 रुपए का जुर्माना एवं कार्यवाही पर सेनिटाइजर की व्यवस्था न होने पर 200 रुपए [illegible] फाइन करने के [illegible] बाजारों में रवाना [illegible]। सबके बीच शहर के मध्य [illegible] के कई बाजारों में ऑड-[illegible] का पालन नहीं किया जा [illegible] और कई दुकानें एक साथ [illegible] रही है।

श्रावण शुरु होने के पहले कांग्रेस ने की मंदिर खोलने की मांग

शहर कांग्रेस ने फिर लिखा कलेक्टर को पत्र

इंदौर। शहर कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता नीलाभ शुक्ला, गिरीश जोशी, पानपुरावाला, पंकज बाकलीवाल, इन्द्रिवास बेनीम एवं धनराजसिंह मनवाडिया ने बताया कि 5 जुलाई को गुरु पूर्णिमा है। लेकिन लॉक डाउन के बाद से बंद हुए मन्दिरों को फिर से पत्र लिखकर खोलने की मांग की। शहर कांग्रेस अध्यक्ष विनय बाकलीवाल ने पत्र में कलेक्टर मनीष सिंह से कहा की 27 जून को कांग्रेस पार्टी का प्रतिनिधि मंडल आपसे मिला था और इंदौर के सभी धार्मिक स्थलों को खोलने के लिए ज्ञापन दिया था।

विनय बाकलीवाल ने कहा कि पहले शहर कांग्रेस ने सांसद शंकर लालवानी को भी धार्मिक स्थल खुलवाने के लिए इस पर संज्ञान लेने के लिए पत्र लिखा था। लेकिन अभी तक इस पर शासन प्रशासन ने किसी प्रकार का कोई प्रयास नहीं किया गया। 5 जुलाई को गुरु पूर्णिमा हिंदू धर्म का सबसे बड़ा आस्था का त्यौहार है। और दूसरे दिन जब श्रावण मास चालू हो रहे है, और श्रावण मास में मंदिरों [illegible] जाने के अधिक महत्व [illegible] है इस हेतु शहर के सभी [illegible] को शीघ्र खोले जाए।

दिग्विजय सिंह [illegible] -ये मंत्रीमंडल तीन [illegible] का

इंदौर। प्रदे[illegible] शिवराज मंत्रीमंडल का [illegible] होते ही [illegible] शब्द बाण से सोशल मी[illegible] दिखाई देने लगे हैं। इ[illegible] को लेकर दो दिन से [illegible] का दौर जारी है। [illegible] में दिख[illegible] रहे इंदौर [illegible] पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह ने भी मीडिया से [illegible]। इस दौरान उन्होंने [illegible] कि प्रदेश में आने वाले [illegible] चुनाव में सभी सीटें कांग्रेस [illegible] रही है। मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह ने शुक्रवार इंदौर में शिवराज सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि यह मंत्रीमंडल केवल 3 माह के लिए ही है।

जानकी नगर वर्द्धमान जैन युवा मंच के चुनाव सम्पन्न

[illegible]

डी. पी. आभूषण को एनएसई के मुख्य बोर्ड पर स्थानांतरित एवं सूचीबद्ध करने हेतु स्वीकृति

निर्देशक मंडल ने द्वितीय छमाही में कंपनी के वित्तीय प्रदर्शन की सराहना की

[illegible]। डी. पी. आभूषण लिमिटेड के [illegible] मंडल की दिनांक 29 जून 2020 को [illegible] छमाही एवं संपूर्ण वित्तीय वर्ष, जि[illegible] समाप्ति 31 मार्च 2020 को हुई, के अंकेक्षित वित्तीय परिणाम पर विचार करने एवं अनुमोदित करने के लिए हुई तथा 03 जुलाई 2020 को NSE के SME प्लेटफार्म से NSE के मुख्य प्लेटफार्म पर स्थानांतरित एवं सूचिबद्ध करने हेतु की गई, जिसे निर्देशक मंडल ने अपनी स्वीकृति प्रदान की।

कंपनी का विक्रय एवं EBITDA (कमाई) 31 मार्च 2020 को समाप्त द्वितीय छमाही के लिए 470.09 करोड़ रुपये एवं 18.91 करोड़ रुपये क्रमशः रहा। जबकि कंपनी का विक्रय एवं EBITDA (कमाई) 31 मार्च 2019 को समाप्त द्वितीय छमाही के लिए 493.22 करोड़ रुपये एवं 13.00 करोड़ रुपये क्रमशः था। इस प्रकार कंपनी के लाभ में लगभग 45 % की वृद्धि हुई है।

इसी तरह 31 मार्च 2020 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए कंपनी का विक्रय एवं EBITDA (कमाई) 809.03 करोड़ एवं 33.11 करोड़ रुपये क्रमशः रहा। जबकि 31 मार्च 2019 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए कंपनी का विक्रय एवं EBITDA (कमाई) 812.17 करोड़ एवं 27.90 करोड़ रुपये था। निर्देशक मंडल ने लॉकडाउन और वैश्विक अनिश्चितता के बावजूद कंपनी के वित्तीय प्रदर्शन की सराहना की।

निर्देशक मंडल ने NSE-SME प्लेटफार्म से NSE के मुख्य प्लेटफार्म पर स्थानांतरित एवं सूचिबद्ध करने के प्रस्ताव पर चर्चा की और उसे अपनी सहमति प्रदान की। निर्देशक मंडल ने NSE के मुख्य बोर्ड पर स्थानांतरित एवं सूचिबद्ध करने की आवश्यकता की सराहना की, ताकि बड़े पैमाने पर शेयरधारक एवं निवेशक कंपनी की विकास यात्रा में भाग ले सके।

पेट्रोल-डीजल मूल्यवृद्धि के खिलाफ एसडीपीआई ने दिया ज्ञापन

इंदौर। पिछले तीन महीने से लगे लॉकडाउन के कारण हर वर्ग की आमदनी में वैसे ही कमी है। ऊपर से सरकार पेट्रोल-डीजल के दामों में वृद्धि कर लूट रही है। पेट्रोल के बढ़ते दामों ने मध्यमवर्ग को झकझोर कर रख दिया है। लगातार बढ़ रही कीमत हर वर्ग को प्रभावित कर रही है। उक्त विचार सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी ऑफ इंडिया के जिला महासचिव डॉ. मुमताज कुरैशी ने व्यक्त किये। सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी ऑफ इंडिया के जिला महासचिव डॉक्टर मुमताज कुरैशी ने बताया कि देश में पिछले कई दिनों से पेट्रोल और डीजल की कीमतों में लगातार वृद्धि हो रही है। देश के नागरिक जहां पिछले तीन महीनों से लॉकडाउन की मार झेल रहे हैं वहीं वर्तमान में पेट्रोल - डीजल की कीमतें बढ़ाना गैर व्यवहारिक है। पिछले तीन माह से जहां देश के आम नागरिकों की अर्थव्यवस्था चरमरा गई है, देश के गरीब और किसान व खेतीहर मजदूरों की कोरोनासंक्रमण की आपदा ने तोड़ कर रख दिया है वहीं दूसरी ओर केन्द्र सरकार द्वारा पेट्रोल - डीजल की कीमतें बढ़ाना घोर निंदनीय है। यह आम नागरिकों की कमर तोड़ने जैसा है।

फोन इन कार्यक्रम का प्रसारण 7 जुलाई को

[illegible]

प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना नवम्बर माह तक के लिए बढ़ी

[illegible]

न्यू अमेजिंग ट्रेनिंग इन्स्टीट्यूट [illegible] उद्घाटन

इंदौर। न्यू अमेजिंग ट्रेनिंग इन्स्टीट्यूट, इंदौर का उद्घाटन 3 जुलाई, 2020 को दोपहर [illegible] बजे सी-844, शालीमार कैस्टेल पार्क के पास, सुखलिया, इंदौर में हुआ। इन्स्टीट्यू[illegible] का शुभारंभ सचिव श्रीमती लीलाबाई एवं सभी ने गणेश वंदना एवं स्वस्तिवाचन करके किया [illegible]। जिसमें ट्रेनिंग इन्स्टीट्यूट के फाउन्डर चेयरमैन एवं मेमोरी पॉवर एक्सपर्ट दिनेश मेहर द्वारा बताया गया कि न्यू अमेजिंग ट्रेनिंग इन्स्टीट्यूट को ओपन करने उद्देश्य हर आयु वर्ग के व्यक्तियों को ब्रेन, मेमोरी पॉवर, कम्प्यूटर, योग, ध्यान, संगीत संबंधित प्रशिक्षण देना एवं शिक्षा का प्रचार-प्रसार करने के साथ-साथ व्यक्तियों को आत्मनिर्भर बनाना है। संस्था अपने ट्रेनिंग इन्स्टीट्यूट के माध्यम से कई व्यक्तियों को प्रशिक्षित देकर उनके जीवन में सकारात्मक परिवर्तन ला चुकी है एवं उचित योग्य व्यक्तियों को उनकी योग्यता के आधार पर निःशुल्क जॉब प्रदान भी प्रदान करा चुकी है और इस दिशा में निरन्तर प्रयासरत है।

भोपाल स्टेशन के सौन्दर्यीकरण के साथ यात्री सुविधा के क्षेत्र में किये गये महत्वपूर्ण कार्य

युग प्रदेश, संवाददाता, भोपाल।

कोविड-19 के संक्रमण काल में अनलॉक-1 के दौरान मण्डल रेल प्रबंधक उदय बोरवणकर के कुशल निर्देशन में इंजीनियरिंग, विद्युत (सामान्य) एवं रेल सुरक्षा बल विभाग द्वारा भोपाल स्टेशन पर सौन्दर्यीकरण के साथ-साथ यात्री सुविधाओं के विस्तार के क्षेत्र में कई महत्वपूर्ण कार्य पूर्ण किये गये, जिससे यात्रियों को भोपाल स्टेशन पर सुखद वातावरण के साथ ही कई अतिरिक्त सुविधायें उपलब्ध हुईं। भोपाल स्टेशन के प्लेटफार्म नम्बर-1 के प्रवेश द्वार पर पेनाइट लगाकर सौन्दर्यीकृत किया गया। इसके साथ ही प्लेटफार्म नम्बर-1 के बाहर स्थित सरकुलेटिंग एरिया में कैनोपी के नीचे यात्रियों के बैठने हेतु स्टील की लगभग 20 बैंचें लगाई गई हैं, जिससे यात्री ट्रेन की प्रतीक्षा समय में सुविधापूर्वक बैठ सकेंगे। प्लेटफार्म नम्बर-1 पर फूड प्लाजा के सामने के क्षेत्र को सीमेंट ब्लॉक से सुसज्जित किया गया, जिससे यात्रियों को अपना सामान रखने, चलने-फिरने तथा बैठने में सुगमता होगी। प्लेटफॉर्म नम्बर-1 की तरफ की सरकुलेटिंग एरिया में यात्रियों के लिये एक अतिरिक्त लेन की सुविधा प्रदान की गई है, जिससे यात्रियों को घर जाने में समय की भी बचत होगी। भोपाल स्टेशन के इटारसी छोर की ओर नये फुट ओवर ब्रिज के निर्माण को प्लेटफार्म नम्बर-1 के पूर्व साइड के सरकुलेटिंग एरिया से जोड़ दिया गया है, साथ ही नये फुट ओवर ब्रिज पे पेनाइट लगाने का कार्य तीव्रगति से किया जा रहा है। भोपाल स्टेशन पर प्लेटफॉर्म नम्बर-6 पर स्थित नये भवन में आकर्षित लाइटस लगाई गयी, जो कि रात्रि में मनोहारी दिखाई देती है। स्टेशन के सभी प्लेटफॉर्मों पर उच्च स्तरीय एलईडी लाइट लगाकर एयरपोर्ट की तरह प्रकाश व्यवस्था की गई। प्लेटफॉर्म नम्बर-6 के प्रतीक्षालय को वातानुकूलित कर दिया गया है। भोपाल रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नम्बर-1 एवं 6 की तरफ से यात्रियों का तापमान मापने हेतु लगातार स्क्रीनिंग की जा रही है। यदि कोई यात्री प्रवेश, निकास द्वार से बिना मास्क के कैमरे के सामने से निकलता है, तो कम्प्यूटर पर बैठे कर्मचारी को बीप सुनाई देती है। रेल सुरक्षा बल द्वारा इंजीनियरिंग विभाग से समन्वय कर प्लेटफार्म पर अनाधिकृत व्यक्तियों का आना-जाना बंद करने के लिए भोपाल स्टेशन के प्लेटफॉर्म नम्बर-1 पर यार्ड लॉबी के पास के अवैध रास्ते को लोहे की जाली की फेंसिंग करवाकर बंद किया गया है। भोपाल स्टेशन पर प्रवेश एवं निकास द्वार, प्लेटफार्मों, बेंचेस, यात्री प्रतीक्षालय, टिकट काउंटर, पूछताछ कार्यालय, सरकुलेटिंग एरिया, रेम्प, फुट ओवर ब्रिज, लिफ्ट, एस्केलेटर एवं स्टेशन पर उपलब्ध सभी कार्यालयों को नियमित रूप से सैनिटाइज किया जा रहा है। इसके साथ ही स्टेशन पर बेहतर साफ-सफाई भी लगातार जारी है।

संक्षिप्त खबरें

वार्डों के आरक्षण की कार्यवाही जल्द करने के निर्देश

भोपाल। ऐसे नगरीय निकाय जिनके वार्डों के विस्तार की अधिसूचनाओं को निरस्त कर दिया गया है, उन निकायों के वार्डों की स्थिति को पूर्वानुसार मानते हुए उनके वार्डों के आरक्षण कार्यवाही जल्द करने के निर्देश संबंधित कलेक्टरों को दिये गए हैं। आरक्षण कार्यवाही की जानकारी 31 जुलाई के पहले भेजने को कहा गया है। उल्लेखनीय है कि जनगणना 2021 के तहत एक जनवरी 2020 के बाद नगरीय निकायों की सीमा वृद्धि अथवा वार्डों के परिसीमन की कार्यवाही पर रोक लगायी गयी है। इसी कारण 17 नगरीय निकायों के वार्डों के विस्तार की अधिसूचनाओं को निरस्त कर दिया गया है।

कोरोना काल में सेहत सुधारने साइकल के प्रति लोगों का रुझान बढ़ा

भोपाल। कोरोना से बचने और शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए साइकल की ओर लोगों का रुझान बढ़ा है। इस कारण राजधानी के बाजारों में इसकी मांग पहले की तुलना में 50 प्रतिशत तक बढ़ गई है। हालांकि, मांग बढ़ने के साथ सप्लाई उतनी नहीं है। इसकी वजह लुधियाना से सप्लाई 60 प्रतिशत तक कम होना है। कारोबारियों की मानें तो साइकलों के 90 प्रतिशत तक पार्ट्स लुधियाना से आते हैं, किंतु वहां मजदूरों की कमी होने के कारण पर्याप्त मात्रा में पार्ट्स नहीं आ पा रहे हैं। यदि 100 साइकलों के लिए पार्ट्स की मांग की जाती है तो आते 40 ही हैं। इस कारण लोगों को मनपसंद व उनके रेंज की साइकलें नहीं मिल पा रही हैं।

प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में मानसून सक्रिय

भोपाल। एक दिन के आराम के बाद मानसून फिर सक्रिय है। मौसम विभाग कह रहा है कि आज 11 जिलों में भारी बारिश होगी। मालवा और महाकौशल के कुछ इलाकों सहित विदिशा, सागर और सीहोर में भारी बारिश की चेतावनी है। तब ग्वालियर-चंबल में गरज-चमक के साथ हल्की बौछारें पड़ सकती हैं। मौसम विभाग अगले तीन दिन भारी बारिश की चेतावनी दे रहा है। उसका पूर्वानुमान है कि आज 11 जिलों में भारी बारिश की संभावना है। प्रदेश के महाकौशल के छिंदवाड़ा, सिवनी, मंडला, बालाघाट, बुंदेलखंड के सागर, मध्य के विदिशा, सीहोर और मालवा के रतलाम, मंदसौर जिलों में भारी बारिश होने के आसार हैं।

अड़ीबाजी की रकम नही देने पर दिया वारदात को अंजाम, टीआई लाइन अटैच

5 बदमाशों ने 3 युवकों पर किया जानलेवा हमला, 2 की मौत

भोपाल (नगर संवाददाता)। राजधानी के छोला मंदिर थाना इलाके में शराब पीने के लिए 5 बदमाशों द्वारा पैसों के लिए अड़ीबाजी करते हुए तीन युवकों की चाकू से गोदकर हत्या किए जाने की सनसनीखेज वारदात सामने आई है। बदमाशों ने मृतकों सहित उनके एक और साथी पर भी चाकुओं से वार किया था, जिसकी हालत नाजुक बताई गई है। वारदात को अंजाम देकर पांचों बदमाश फरार हो गए जिनकी पुलिस तलाश कर रही है। मिली जानकारी के मुताबिक चौकसे लौकी पिता फूल सिंह लोधी (20) छोला इलाके में स्थित नवजीवन कॉलोनी में रहता था। बीती रात वह अपने दो दोस्तों मनीष और करण के साथ घर के बाहर बैठकर बातचीत कर रहा था। इसी दौरान बदमाश अमि, पंकज, छोटू, सुमित और अखिलेश वहां आ पहुंचे और उन्होंने तीनों दोस्तों से से शराब पीने के लिए अड़ीबाजी करते हुए रुपयों की मांग की। तीनों दोस्तों ने जब बदमाशों को पैसे देने से इनकार कर दिया तब आरोपियों ने उनके साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। मारपीट के दौरान बदमाशों ने अपने पास रखे धारदार चाकू निकालकर तीनों दोस्तों पर ताबड़तोड़ वार कर दिए। युवकों की चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग बाहर निकले जिन्हें देखकर पांचों बदमाश तीनों दोस्तों को खून से लथपथ हालत में छोड़कर हथियार लहराते हुए फरार हो गए। बदमाशों के हमले में घायल तीनों युवकों को परिवार वाले उपचार के लिए अस्पताल लेकर पहुंचे जहां डॉक्टरों ने शुरुआती चेकअप के बाद ही चौकसे और करण को मृत घोषित कर दिया, वहीं हमले में घायल तीसरे युवक मनीष की हालत नाजुक बताई जा रही है। अस्पताल से मिली सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए मरचुरी भेजते हुए आरोपियों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर उनकी गिरफ्तारी के प्रयास शुरू कर दिए हैं। पुलिस का कहना है, कि फरार बदमाशों का पूर्व में भी आपराधिक रिकार्ड है, जिनकी धरपकड़ के लिए विशेष टीम बनाई गई है, जो लगातार उनके संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही है। अधिकारियों का कहना है कि जल्दी फरार आरोपियों को दबोच लिया जाएगा। दोहरे हत्याकांड की सनसनीखेज वारदात से इलाके में तनाव फैल गया जिसके चलते ऐहतियात के लिए पुलिस बल तैनात किया गया है। वहीं वारदात को लेकर छोला टीआई को लाइन अटैच कर कर दिया गया।

मजदूर ने अपनी बहन के घर जाकर लगाई फांसी

भोपाल। राजधानी के टीटी नगर थाना इलाके में मजदूर युवक द्वारा अपनी बहन के घर फांसी लगाकर जान देने की घटना सामने आई है। आत्महत्या के कारणों का खुलासा नहीं हुआ है, पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस के अनुसार सुनहरी बाग जहांगीराबाद चौक स्थित 228 क्वार्टर में अपनी पत्नी और बच्चों के साथ रहने वाला प्रदीप चौहान पिता शेर सिंह चौहान मजदूरी का काम करता था। उसे शराब पीने की आदत थी। उसकी शराब की लत के कारण उसकी आर्थिक हालत भी खराब हो गई थी। पुलिस ने आगे बताया कि मोहल्ले में उसके भाई और रिश्तेदार भी रहते हैं। बीती सुबह उसकी पत्नी बच्चों को लेकर एक रिश्तेदार के घर गई थी। इसी दौरान प्रदीप मोहल्ले में रहने वाली अपनी बहन के घर चला गया और दोपहर के समय से ही वहां बैठकर शराब पीने लगा। देर शाम करीब 7 बजे तक जब वो कमरे से बाहर नहीं आया तब उसकी बहन उसे देखने के लिए गई, जहां उसे प्रदीप का शरीर फंदे पर झूलता नजर आया। परिवार वालों से मिली सूचना के आधार पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस खुदकुशी के कारणों की छानबीन कर रही है।

युवती का पीछा कर सुनसान में रोककर किया दुष्कर्म का प्रयास

भोपाल। राजधानी के गौंधी नगर थाना इलाके में स्थित गांव में रहने वाले युवक द्वारा युवती के साथ अश्लील छेड़छाड़ कर दुष्कर्म का प्रयास किये जाने की घटना सामने आई है। बताया गया है, कि आरोपी युवक ने पीड़ित का पीछा किया और जब वह सुनसान इलाके में पहुंची तो उसने उसे रोककर अश्लील हरकतें शुरू करना शुरू कर दी। पीड़ित के शोर मचाने पर आरोपी मौके से फरार हो गया। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक इलाके में स्थित ग्राम गोंडीपुरा में रहने वाली 20 वर्षीय युवती ने शिकायत दर्ज कराते हुए बताया कि बीती दोपहर वह घरेलू सामान लेने बाहर गई थी। इसी दौरान गांव में रहने वाला सलीम नाम का युवक उसका पीछा करने लगा। जैसे ही युवती सुनसान इलाके में पहुंची आरोपी ने उसको पकड़ लिया और उसका मुंह दबा कर अश्लील हरकतें करते हुए दुष्कर्म करने की कोशिश करने लगा।

मुझे कोई लाइक नहीं करता, अच्छा नहीं लगता यह कहकर लगा ली फांसी



भोपाल (नगर संवाददाता)। राजधानी के ऐशबाग थाना इलाके में युवती द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या किए जाने का मामला सामने आया है। पुलिस को घटनास्थल से सुसाइड नोट बरामद हुआ है, जिसमें लिखा है - मुझे कोई लाइक नहीं करता, मुझे अच्छा नहीं लग रहा मैं बहुत उदास हूं-।

थाना पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 20 वर्षीय प्रिया पिता लूले लाल गौतम मूल रूप से विदिशा जिले की रहने वाली थी, जो बोगदा पुल के पास स्थित एक ब्यूटी पार्लर में नौकरी करती थी, और अशिवाचित परिसर में अपनी दो सहेलियों के साथ किराए के मकान में रहती थी। बताया गया है, कि पिछले करीब तीन महीने से वह काम पर नहीं जा रही थी। बीती सुबह उसकी दोनों रूम पार्टनर अपने अपने काम पर चली गई थी, और प्रिया घर पर अकेली थी। शाम को जब उसकी सहेलियां वापस लौटीं तो दरवाजा अंदर से बंद मिला। कई बार आवाज लगाने के बाद भी जब अंदर से कोई जवाब नहीं मिला तो सहेलियों ने जैसे-तैसे कमरे के अंदर झांक कर देखा जहां सोने से प्रिया का शरीर फंदे पर झूलता नजर आया। सहेलियों ने तुरंत इसकी सूचना पुलिस और युवती के परिजनों को दे दी। सूचना पाकर पहुंची पुलिस टीम ने घटनास्थल की छानबीन के दौरान एक सुसाइड नोट बरामद किया है, जिसमें लिखा है कि - मुझे कोई लाइक नहीं करता मुझे अच्छा नहीं लग रहा है, मैं बहुत उदास महसूस कर रही हूं।

थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए मर्चुरी भेज दिया। छानबीन में जुटी टीम का कहना है, कि सुसाइड नोट को जांच के लिए भेजा गया है। वहीं युवती के परिजनों और उसकी सहेलियों के बयान दर्ज किए जाएंगे जिसके बाद ही आत्महत्या के सही कारणों का खुलासा हो सकेगा। फिलहाल पुलिस आगे की छानबीन में जुटी है।

राशि कम करने के बाद भी ठेकेदार नही आ रहे सामने

नगर प्रतिनिधि, भोपाल। कोरोना संकट झेल रही सरकार को शराब ठेकेदारों ने बड़ा झटका दिया है। 25 फीसद राशि कम नहीं करने पर ठेकेदारों ने करीब 1700 दुकानें छोड़ दी थीं। हालात यह है कि सरकार ठेका राशि के 80 फीसद पर भी दुकानें सौंपने को तैयार है पर लेने वाले नहीं मिल रहे। जो ठेकेदार दुकानों में रुचि दिखा रहे हैं, वे टेंडर में 43 से 50 फीसद राशि भर रहे हैं। वाणिज्यिक कर विभाग को अपेक्षा से कम बोली लगने पर भोपाल सहित 17 जिलों में लगातार टेंडर प्रक्रिया करानी पड़ रही है। बावजूद इसके अभी तक सफलता नहीं मिल सकी। ऐसे में सरकार को कम अवधि के ठेके देने पड़ रहे हैं। लेकिन यहां भी सरकार को राजस्व का नुकसान उठाना पड़ रहा है। दरअसल, सरकार को शराब से सबसे अधिक राजस्व मिलता है। लेकिन कोरोना के बाद स्थिति बदल गई।

100 दिन की उपलब्धियों की गाथा हर बूथ तक ले जाए : वीडी शर्मा



भोपाल। प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने वर्चुअल रैली में कहा कि भारतीय जनता पार्टी का मध्यप्रदेश के विकास में बहुत बड़ा योगदान है। सुश्री उमा भारती, बाबूलाल गौर और शिवराजसिंह चौहान ने मुख्यमंत्री रहते हुए 16 वर्षों तक मध्यप्रदेश का विकास किया, लेकिन बीते 15 महीनों में मध्यप्रदेश का विकास अवरुद्ध हो गया था।

एक ऐसा मुख्यमंत्री जिन्होंने न धूल देखी, न गरीबी का दर्द समझा। ऐसे उद्योगपति मुख्यमंत्री ने मध्यप्रदेश को 15 महीनों में तबाह और बर्बाद कर दिया था। उन्होंने कहा कि शिवराजसिंह चौहान ने 15 साल प्रदेश के हर कोने में पहुंचकर जनता का दुख दर्द समझा लेकिन कमलनाथ मुख्यमंत्री रहते सिर्फ छिंदवाड़ा तक ही सीमित रहे। दिग्विजय सिंह ने पर्दे के पीछे से कमलनाथ सरकार चलायी।

उन्होंने कहा कि जब चौथी बार भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनी तो प्रदेश कोरोना की चपेट में था, लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के दिए गए मंत्र को स्वीकार करते हुए शिवराजसिंह चौहान ने दिन रात मेहनत कर चुनौतियों को अवसर में बदलने का काम किया। उन्होंने कहा कि हमें गर्व है कि कोरोना संकटकाल में पूरे देश में अगर किसी प्रदेश को मजदूरों की सेवाभाव के लिए जाना जाता है तो वह हमारा मध्यप्रदेश है।

भोपाल में डेंगू व मलेरिया के बढ़ रहे मरीज

भोपाल। राजधानी में कोरोना संक्रमण के साथ दो बीमारियों ने पांव पसारना शुरू कर दिया है। बीते तीन दिनों में डेंगू व मलेरिया के चार से भी ज्यादा मरीज शहर में मिले हैं। उधर, इन बीमारियों के मरीजों को देखते हुए नगर निगम को स्वास्थ्य शाखा ने भी जनता को अलर्ट कर दिया है। जिन क्षेत्रों में डेंगू व मलेरिया के मरीजों की संख्या में इजाफा हो रहा है वहां सघन फॉगिंग के निर्देश दिए गए हैं। इस वक्त नगर निगम के कंधों पर दो बड़ी जिम्मेदारियां हैं। संक्रमित क्षेत्रों के साथ शहर में सैनिटाइजेशन तो दूसरी मच्छरों से निजात के लिए फॉगिंग की कार्रवाई।

सभी अपने मोबाइल में सार्थक लाइट एप करें डाउनलोड करें : कलेक्टर लवानिया

भोपाल। कहीं अजनबी को समीप के फीवर क्लीनिक, आधार केंद्र, संग्रह केंद्र और कोविड कोरोना कवरेज (कोविड-19) मेडिया बुलेटिन की जानकारी देने के लिए मध्य प्रदेश सरकार द्वारा सार्थक लाइट एप लॉन्च किया गया है। कलेक्टर अविनाश लवानिया ने सभी मोबाइलधारियों से इस एप को डाउनलोड करने की अपील की है। इस एप में आप स्वयं और अन्य के बुखार, खांसी, कफ आदि जैसे लक्षणों की जानकारी प्रशासन को दे सकते हैं। स्थानीय प्रशासन आपकी जांच और उपचार हेतु आवश्यक सहित करने उपरांत यह ऐप आपके निजी लोकेशन के आधार पर निकटतम फीवर क्लीनिक, आधार केंद्र और निकटतम संग्रह केंद्र की जानकारी देगा।

शिक्षा के क्षेत्र में 32 वर्षों से निरंतर 100 प्रतिशत परिणाम

ARERA CONVENT HR.SEC. SCHOOL, BHOPAL

School & Boarding School CBSE PATTERN

Nursery to 12th Standard (Hindi & English Medium)

मैथ्स, बायोलॉजी, कॉमर्स (अनुभवी शिक्षकों द्वारा शिक्षण)

बोर्डिंग स्कूल

छात्र एवं छात्राओं के लिए कम फीस व सर्वोत्तम पाठ्यक्रम के साथ बोर्डिंग स्कूल फीस मात्र 35000 से 45000 (सालाना)

ADMISSION HELPLINE 9926454803

School Branch : 1-E-6, Arera Colony, Bhopal, M. : 9301243916

School Branch : 2-B-Sector, Sarvadharm Colony, Kolar Road, Bhopal M. : 9826471318

द्वितीय छमाही में कंपनी के वित्तीय प्रदर्शन की हुई सराहना

डी.पी. आभूषण लि. को एनएसई के मुख्य बोर्ड पर स्थानांतरित एवं सूचीबद्ध करने हेतु निर्देशक मंडल की स्वीकृति मिली

युग प्रदेश भोपाल। डी. पी. आभूषण लिमिटेड के निदेशक मंडल की 29 जून 2020 को द्वितीय छमाही एवं संपूर्ण वित्तीय वर्ष, जिसकी समाप्ति 31 मार्च 2020 को हुई, ऑडिटेड वित्तीय परिणाम पर विचार करने एवं अनुमोदित करने के लिए हुई तथा 3 जुलाई 2020 को एनएसई के एसएमई प्लेटफार्म से एनएसई के मुख्य प्लेटफार्म पर स्थानांतरित एवं सूचीबद्ध करने हेतु की गई, जिसे निर्देशक मंडल ने अपनी स्वीकृति प्रदान की। कंपनी का विक्रय एवं EBITDA (कमाई) 31 मार्च 2020 को समाप्त द्वितीय छमाही के लिए 470.09 करोड़ रुपये एवं 18.91 करोड़ रुपये क्रमशः रहा। जबकि कंपनी का विक्रय एवं EBITDA (कमाई) 31 मार्च 2019 को समाप्त द्वितीय छमाही के लिए 493.22 करोड़ रुपये एवं 13.00 करोड़ रुपये क्रमशः था। इस प्रकार कंपनी के लाभ में लगभग 45 प्रतिशत की वृद्धि हुई है इसी तरह 31 मार्च 2020 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए कंपनी का विक्रय एवं EBITDA (कमाई) 809.03 करोड़ एवं 33.11 करोड़ रुपये क्रमशः रहा जबकि 31 मार्च 2019 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए कंपनी का विक्रय एवं EBITDA (कमाई) 812.17 करोड़ एवं 27.90 करोड़ रुपये था। निदेशक मंडल ने लॉकडाउन और वैश्विक अनिश्चितता के बावजूद कंपनी के वित्तीय प्रदर्शन की सराहना की। निदेशक मंडल ने NSE-SME प्लेटफार्म से NSE के मुख्य प्लेटफार्म पर स्थानांतरित एवं सूचीबद्ध करने के प्रस्ताव पर चर्चा की और उसे अपनी सहमति प्रदान की। निदेशक मंडल ने NSE के मुख्य बोर्ड पर स्थानांतरित एवं सूचीबद्ध करने की आवश्यकता की सराहना की, ताकि बड़े पैमाने पर शेयरधारक एवं निवेशक कंपनी की विकास यात्रा में भाग ले सकें।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक (स्वामी) भरत मेघानी द्वारा युग प्रदेश के लिए नेशन ऑफसेट प्रेस, 119 इंदिरा प्रेस कॉम्प्लेक्स एमपी नगर जोन-1 भोपाल-462023 म.प्र. से मुद्रित एवं एफ-1 मातृछाया कॉम्प्लेक्स मिनी मार्केट मौलाना आजाद नगर भोपाल 462030 से प्रकाशित। संपादक- भरत मेघानी*, स्थानीय संपादक- हरीश मेघानी* समाचार पत्र में प्रकाशित समाचारों के चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार। डाक पंजीयन क्रमांक/एम.पी./भोपाल/1027/2016-2018 दूरभाष: ऑफिस नंबर: 0755-4902229, 4262251 विज्ञापन- 9907078884 (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल होगा।) कार्या-11, मालवीय नगर, भोपाल Email : yugpradeshnews@gmail.com

रोड़ रुपए का निवेश करेगी इंटेल

जियो प्लेटफॉर्मर्स ने 12 निवेश से अब तक 1.17 लाख करोड़ रुपए जुटाए

आरआईएल ने जियो प्लेटफॉर्म्स की हिस्सेदारी बिक्री से 1,17,588.45 करोड़ रुपए जुटाए हैं। यह राशि 11 कंपनियों के 12 निवेश के जरिए जुटाई गई है। इसमें सबसे बड़ा निवेश फेसबुक का रहा है। फेसबुक ने जियो प्लेटफॉर्म्स में 9.99 फीसदी हिस्सेदारी के लिए 43,573.62 करोड़ रुपए का निवेश किया है। आरआईएल को अब तक जियो प्लेटफॉर्म्स की 25.09 हिस्सेदारी के लिए निवेश मिल चुका है। जियो प्लेटफॉर्म्स रिलायंस इंडस्ट्रीज की डिजिटल सब्सिडियरी है। यह कंपनी आरआईएल ग्रुप के डिजिटल बिजनेस एसेट्स जैसे रिलायंस जियो इन्फोकॉम लिमिटेड, जियो ऐप्स और हैप्टिक, रिवायर, फाइंड, नाउफ्लोट्स, हैथवे और डैन समेत कई अन्य एंटीटी में निवेश का संचालन करती है।

भारत को डिजिटल सोसायटी बनाने में मदद करेगी इंटेल: मुकेश अंबानी



रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमेन मुकेश अंबानी ने कहा कि दुनिया के प्रौद्योगिकी लीडर्स के साथ हमारे संबंध गहरा होने पर हम बेहद खुश हैं। भारत को डिजिटल सोसायटी में बदलने के हमारे दृष्टिकोण को मूर्त रूप देने में ये हमारे सहायक हैं। इंटेल एक सच्चा इंडस्ट्री लीडर है, जो दुनिया को बदलने वाली तकनीक को बनाने की दिशा में काम कर रहा है। इंटेल कैपिटल के पास अग्रणी प्रौद्योगिकी कंपनियों में एक मूल्यवान भागीदार होने का उत्कृष्ट रिकॉर्ड है।

भारत में डिजिटल परिवर्तन को ताकत देंगे : वेंडेल ब्रूक्स

इंटेल कैपिटल के अध्यक्ष वेंडेल ब्रूक्स ने कहा भारत में कम लागत वाली डिजिटल सेवाओं को ताकत देने के लिए जियो अपनी प्रभावशाली इंजीनियरिंग क्षमताओं का उपयोग कर रहा है। जीवन को समृद्ध बनाने के इंटेल के उद्देश्य के समरूप है। हमारा मानना है कि डिजिटल पहुंच और डेटा, व्यापार और समाज को बेहतर बना सकते हैं। निवेश से भारत में डिजिटल परिवर्तन को हम ताकत देंगे। नेक्स्ट जनरेशन टेक्नोलॉजी कंपनी है जो भारत को एक डिजिटल सोसायटी बनाने के काम में मदद कर रही है।

5 बहिष्कार का दिखा असर

हुआ देश का व्यापार घाटा कर 3.6 लाख करोड़ पर आया

ी के
अपने
में
0 में
घाटा
आ
बिक
16.6
कया।
अरब

डॉलर का आयात किया। कारोबारी साल 2018-19 में भारत का चीन के साथ व्यापार घाटा 53.56 अरब डॉलर था। 2017-18 में यह घाटा 63 अरब डॉलर था। सरकार चीन के साथ व्यापार घाटे को कम करना चाहती है। इसके लिए उसने कई कदम भी उठाए हैं। देश में औसत से कम कीमत पर डंप किए जा रहे चीन के कई सामानों पर सरकार ने एंटी डंपिंग शुल्क भी लगाए हैं।

र नीति का क्रियान्वयन की जरूरत : ट्राई चेयरमेन

ली

नियामक
ई) ने
ान्वयन में
किया है।
मंत्रिमंडल
ूरी दी थी।
एस शर्मा
ा वायरस
ढांचे के
है। उन्होंने

कहा कि इस संकट के दौरान दूरसंचार क्षेत्र ने केंद्रीय भूमिका अदा की है। सीओएआई की बैठक को संबोधित करते हुए शर्मा ने कहा कि एनडीसीपी के क्रियान्वयन को तेज करने की जरूरत है। इसको क्रियान्वित किया जाना चाहिए। मुझे एक भी व्यक्ति ऐसा नहीं मिला है जिसने कहा हो कि इस नीति में खामी है।

डी. पी. आभूषण को एनएसई के मुख्य बोर्ड पर स्थानांतरित एवं सूचीबद्ध करने हेतु निर्देशक मंडल की स्वीकृति

भोपाल • डी. पी. आभूषण लिमिटेड के निर्देशक मंडल की 29 जून को द्वितीय छमाही एवं संपूर्ण वित्तीय वर्ष , जिसकी समाप्ति 31 मार्च को हुई, के ऑडिटेड वित्तीय परिणाम पर विचार करने एवं अनुमोदित करने के लिए हुई तथा 03 जुलाई को एनएसई के एसएमएस प्लेटफार्म से



एनएसई के मुख्य प्लेटफार्म पर स्थानांतरित एवं सूचीबद्ध करने हेतु की गई, जिसे निर्देशक मंडल ने अपनी स्वीकृति प्रदान की। कंपनी का विक्रय एवं कमाई 31 मार्च को समाप्त द्वितीय छमाही के लिए 470.09 करोड़ रुपये एवं 18.91 करोड़ क्रमश : रहा। कंपनी का विक्रय एवं कमाई 31 मार्च 2019 को समाप्त द्वितीय छमाही के लिए 493.22 करोड़ एवं 13.00 करोड़ रुपये क्रमशः था। इस प्रकार कंपनी के लाभ में लगभग 45 फीसदी की वृद्धि हुई है।

एनएफएल के द्वारा हाई-टेक मोबाइल सॉयल टेस्टिंग लैब्स लॉन्च किया

भोपाल • एनएफएल ने किसानों के घर के दरवाजे के सामने मिट्टी के नमूनों का परीक्षण करने के लिए पांच मोबाइल मृदा परीक्षण प्रयोगशालाएँ शुरू की हैं। एनएफएल के अध्यक्ष वी.एन.दत्त ने

निदेशकों और अधिकारियों के साथ एनएफएल कॉरपोरेट ऑफिस के परिसर, नोएडा में से एक ऐसी मोबाइल लैब को रवाना किया है। मृदा परीक्षण उपकरण से लदे इन मोबाइल लैब्स का उपयोग मिट्टी के पोषक तत्वों के विश्लेषण के लिए किया जाएगा। ये मोबाइल लैब किसानों को प्रशिक्षित करने के लिए ऑडियो-वीडियो प्रणाली से भी लैस हैं।

कॉन्फेडरेशन ऑफ अन-एडेड एवं शिक्षको ने मुख्यमंत्री मप्र से की मांग

भोपाल • मप्र के कॉन्फेडरेशन ऑफ एडेड प्राइवेट स्कूल एवं शिक्षको ने मु मप्र से पालको द्वारा छात्रो की स्कूल फी जमा करने की मांग की। आज पूरा देश एक भीषण संकट कोविड19 की चपेट में है जिसमे देश का कोई भी क्षेत्र, कोई भी सेक्टर इस संकट से बचा हुआ नहीं है। प्रदेश के निजी विद्यालय भी इसी संकट से गुजर रहें हैं। इसके उपरांत आधिकांश स्कूलो द्वारा लगातार ऑनलाइन वर्चुअल क्लासेस के माध्यम से छात्रो की शिक्षण प्रक्रिया जारी है। मध्य प्रदेश शासन के नियम अनुसार पालको को छात्रो ... फीस जमा करने के आदेश ...

A historic heat wave roasts Siberia

As Siberia warms, its permafrost is thawing — with global consequences



NASA's Aqua satellite captured heat and wildfires in the Arctic

[illegible]

The thawing permafrost has global consequences because it results in the release of greenhouse gases from the decomposition of frozen organic material. [illegible]

The Arctic has been heating over twice as fast as the rest of the world. [illegible]

The tundra is also on fire outside Russkoye Ustye, said Portnyagin, the village head. The settlement is one of Russia's best-known outposts, ethnic Russians first settling there in the 17th century. The village's older buildings, however, have collapsed into the river as a result of the erosion brought on by thawing permafrost. [illegible]

"Everything is changing," said Fyodr Kaurgin, leader of an indigenous community. "The old used to predict what the summer and winter would be like — but we can no longer say for sure."

HOW PERMAFROST DRIVES GLOBAL WARMING

[illegible]

'Robots track oceans changing as they absorb 90% global warming'



Hanumant Singh is professor of electrical and computer engineering at Northeastern University, USA. His research group designed the Seabed AUV robot and the Jetyak Autonomous Surface Vehicle, used in collecting data for environmental scientists. Speaking to Times Evoke, Singh explained how robots are helping to measure a world increasingly impacted by climate change

Underwater gadgets and aerial vehicles can reach remote expanses to map climate change

How does robotics help environmental research?

[illegible]

We've also been working on how quickly icebergs breaking from the Greenland ice sheet are melting. [illegible]

Amidst intensifying planetary destruction, have your expeditions found any improvements?

[illegible]

Please tell us about some of your recent expeditions.

[illegible]

TIMES evoke

'Supplied 1cr PPEs, 2cr masks to states'

Times News Network

[illegible]

Sonia writes to PM over OBC reservation

Times News Network



[illegible]

SARI, ILI cases remain stable over last month

[illegible]

Shopkeeper kills woman over toy price

[illegible]

Patel asks Govt which Guj neta 'favoured' Sandesaras

Times News Network



[illegible]

Int'l flights suspended till August

[illegible]

GOVERNMENT OF INDIA
DEPARTMENT OF ATOMIC ENERGY
RAJA RAMANNA CENTRE FOR ADVANCED TECHNOLOGY

E-TENDER NOTICE

[illegible]

INLAND WATERWAYS AUTHORITY OF INDIA
(Ministry of Shipping, Govt. of India)

CORRIGENDUM

[illegible]

[illegible]

The meeting of Board of Director of [illegible] was held on 29-6-2020 to consider and approve the Audited Financial Result for Half Year and year ended on 31.03.2020 and on 3-7-2020 to discuss and consent to migrate company currently listed on NSE Emerge (SME Platform of NSE) to Main Board of NSE.

[illegible]

Lakshmibai National Institute of Physical Education, Gwalior
A++ NAAC Accredited Deemed to be University
Government of India,
Ministry of Youth Affairs and Sports

ADMISSION NOTICE 2020-21

[illegible]

LAST DATE FOR SUBMITTING APPLICATIONS FOR ALL COURSES [illegible]

LAST DATE FOR SUBMITTING APPLICATIONS FOR Ph. D.: [illegible] Aug 2020

REGISTRAR

NATIONAL SCHOOL OF DRAMA
(An Autonomous Institute under Ministry of Culture, Govt. of India)
Bahawalpur House, Bhagwandas Road, New Delhi-110001

ADMISSION NOTICE 2020

National School of Drama, a premier theatre institute of the country, invites applications for admission to one year residential certificate course for the academic year 2020-21, commencing from September 2020 at NSD, Centres mentioned below.

1. Bengaluru centre - one year residential certificate course in Acting.
2. Sikkim centre - one year residential certificate course in dramatic arts.
3. Tripura centre - one year residential certificate course in theatre in education.
4. Varanasi centre - one year residential certificate course in Indian classical theatre.

The online application forms will be available from 4, July, 2020. Last date for submission of online application form is 31, July, 2020.

Please visit our website https://www.centeradmission.nsd.gov.in or www.nsd.gov.in for complete information about Admission Process. All Applicants are required to visit the website regularly as all subsequent corrigendum/Addendum/ Updates will only be uploaded on the website.

Director
National School of Drama

davp 09130/11/0002/2021